# UGC NET PAPER 2 DECEMBER 31, 2005 SHIFT 1 SOCIOLOGY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty** (50) objective-type questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** In sociology values refer to :
(A) qualities of a cultured person (B) standards of conduct
(C) social preferences (D) ideals

**2.** Who among the following wrote the book "First Principles" ?
(A) Herbert Spencer (B) K. Davis
(C) B. Malinowski (D) James Frazer

**3.** Theory of Need is given by :
(A) Durkheim (B) Mead
(C) Malinowski (D) Mannheim

**4.** What according to weber is the most important characteristic of a charismatic leader ?
(A) Relevance of his/her powers for the society
(B) Personal charm
(C) Political following
(D) Ability to convince one's followers of one's extra-ordinary power

**5.** Which among the following are elements of a total institution ?
1. Prison 2. Asylum 3. Hotel 4. Hostel
**Codes :**
(A) 2 and 3 (B) 1, 2 and 3 (C) 1 and 2 (D) 2, 3 and 4

**6.** Sociologically 'culture' denotes :
(A) refinement in a person
(B) learned behaviour
(C) growth of micro-organisms in a laboratory
(D) cultivation of aesthetics

**7.** Which of the following is not a function of religion ?
(A) To maintain social solidarity
(B) To maintain social control
(C) To purge the human mind of stress and strains
(D) To strengthen the social stratification

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** समाज शास्त्र में मूल्य का क्या अर्थ है?

(A) सुसंस्कृत व्यक्ति के गुण
(B) आचरण के मापदण्ड
(C) सामाजिक वरीयता
(D) आदर्श

**2.** निम्न में से 'फर्स्ट प्रिंसीपल्स' पुस्तक किस ने लिखी?

(A) हरबर्ट स्पेंसर
(B) के. डेविस
(C) बी मैलिनोवस्की
(D) जेम्स फ्रेज़र

**3.** आवश्यकता-सिद्धांत निम्न में से किस की देन है?

(A) दुर्खीम
(B) मीड
(C) मैलिनोवस्की
(D) मनहाईम

**4.** वेबर के अनुसार करिश्माई नेता की निम्न में से सबसे महत्वपूर्ण विशेषता कौन सी है।

(A) समाज के लिए उसकी शक्तियों की महत्तता
(B) व्यक्तिगत आकर्षण
(C) राजनीतिक अनुयायी
(D) अपने अनुयायिओं कों अपनी विशेष शक्तियों से प्रभावित करने की योग्यता

**5.** निम्न में से संपूर्ण संस्था के कौन से तत्व है?

1. कारागार
2. संरक्षणगृह
3. होटल
4. छात्रावास

**Codes :**

(A) 2 और 3
(B) 1, 2 और 3
(C) 1 और 2
(D) 2, 3 और 4

**6.** समाजशास्त्रीय परिपेक्ष में संस्कृति का अर्थ है।

(A) व्यक्ति में सुधार
(B) सीखा हुआ व्यवहार
(C) प्रयोगशाला में सूक्ष्म प्राणियों का विकास
(D) सुन्दर गुणों का निर्माण

**7.** निम्न में से धर्म का कौन सा प्रकार्य नहीं है?

(A) सामाजिक सुदृढ़ता को बनाए रखना
(B) सामाजिक नियंत्रण को बनाए रखना
(C) मानसिक दबाव से छुटकारा दिलाना
(D) सामाजिक स्तरीकरण को बढावा देना

Prepp
Your Personal Exams Guide

8. Father's brother's daughter-in-law is an example of :

(A) Primary kin
(B) Secondary kin
(C) Affinal kin
(D) Consanguineal kin

9. "Generosity, achieving of top position, material possession, punctuality and patriolism are the examples of something desirable and worth striving for" is called :

(A) Values
(B) Customs
(C) Way of life
(D) Mores

10. Which of the following terms is used for relatives by marriage ?

(A) Primary kin
(B) Secondary kin
(C) Affinal kin
(D) Tertiary kin

11. Which one of the following statements is not correct ?

(A) Homogeneity of the population is a characteristic of a city
(B) Social changes occur more rapidly in the cities than in the towns and village
(C) The planning of cities is a modern innovation
(D) Most of the major cities of India are located on the coast or on navigable rivers

12. Which of the following are members of an extended family ?

1. Grand father and grand mother
2. Paying guests
3. Collaterals
4. Servants

**Codes :**

(A) 1, 3 and 4 are correct
(B) 1 and 3 are correct
(C) 2, 3 and 4 are correct
(D) 1 and 4 are correct

Prepp Your Personal Exam Guide

13. **Assertion (A) :** In most of the simple societies religious entrails are a necessary aspect of certain economic activities.

**Reason (R) :** Simple societies are aware of super-natural dangers inherent in these economic features.

Choose the correct code given below :

**Codes :**

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation for **(A)**
(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation for **(A)**
(C) **(A)** is true but **(R)** is false
(D) **(A)** is false but **(R)** is true

8. पिता के भाई की पुत्र वधू निम्न में से किसका उदाहरण है?

(A) प्राथमिक नातेदारी का (B) द्वितीयक नातेदारी का

(C) वैवाहिक नातेदारी का (D) रक्तसम्बन्धी नातेदारी का

9. उदारता, उच्च पद की प्राप्ति, भौतिक पदार्थों का होना, समय की पाबन्दी, एवं देश भक्ति कुछ ऐसे उदाहरण है जिन की अभिलाषा तथा उसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील हुआ जाए, उसे क्या कहते हैं?

(A) मूल्य (B) प्रथाएं (C) जीवन शैली (D) लोकाचार

10. निम्न में से विवाह द्वारा स्थापित सम्बन्धों के लिए किस अवधारणा का उपयोग होता है?

(A) प्राथमिक नातेदारी (B) द्वितीयक नातेदारी

(C) वैवाहिक संम्बधित नातेदारी (D) तृतीयक नातेदारी

11. निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) जनसंख्या की समरुपता नगर की विशेषता होती है।

(B) कसबों और गाँवों की अपेक्षा सामाजिक परिवर्तन शहरों में तीव्र गति से होते हैं।

(C) नगरीय योजना आधुनिक आविष्कार है।

(D) भारत मे अधिकतर प्रमुख नगर समुद्र के किनारों या यातायात वाले दरियाओं/नदियों के किनारे बसे हैं।

Prepp Your Personal Exam Guide

12. निम्न में से विस्तृत परिवार के सदस्य कौन से है?

1. दादा एवं दादी 2. पैसा देकर रहने वाले मेहमान/अतिथि

3. भिन्नशाखीय नातेदार 4. नौकर

**Codes :**

(A) 1, 3 एवं 4 सही है (B) 1 एवं 3 सही है

(C) 2, 3 एवं 4 सही है (D) 1 एवं 4 सही है

13. **कथन (A) :** बहुत से साधारण समाजों में धार्मिक प्रवृत्तियां कुछ आर्थिक प्रक्रियाओं का आवश्यक पहलू होती है।

**कारण (R) :** साधारण समाज इन आर्थिक विशेषताओं में पाए जाने वाली दैविक आपदाओं से जागृत होते हैं।

निम्न दिये हुए सही कोड का चयन करें :

**कूट :**


(A) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही हैं और **(R)** **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(B) **(A)** एवं **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)** **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है

(D) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

14. 

Which one of the following represents the above diagram ?

(A) Sororal polygyry (B) Non-sororal polygyry
(C) Fraternal polyandry (D) Non-fraternal polyandry

15. Two tribes living in a geographical area may indulge in the mutual exchange of cultural traits and a minimization of differences between them. This process is called :

(A) Adult socialisation (B) Co-operation
(C) Accomodation (D) Assimilation

16. A marriage in which a woman of higher caste marries a man of a lower caste is known as :

(A) Exogamy (B) Hypergamy
(C) Endogamy (D) Hypogamy

17. According to Robert Redfield a community characterized by distinctiveness, smallness, homogeneity and self-sufficiency is known as :

(A) Little community (B) Great community
(C) Society (D) Social group

18. Which one of the following is an incorrect statement ?

(A) Status is a unit of social structure
(B) Role is an element of individual behaviour
(C) Both status and role are elements of social structure
(D) Both status and role are dynamic and constantly changing phenomena

19. Norms which a society sees as essential and which it strictly enforces are called :


(A) Folkways (B) Mores
(C) Customs (D) Conventions

20. Those persons who have the greatest influence on an individual's evaluation of himself and on his acceptance or rejection of social norms have been called by Mead as :

(A) the generalized other (B) the reference other
(C) the significant other (D) the model other

21. The differential diffusion of authority leads to class formation and class conflict according to :

(A) Karl Marx (B) Ralph Dahrendorf
(C) Levi-Strauss (D) Lewis Coser

**14.** 

उपरोक्त आकृति निम्न में से किन सम्बन्धों को दर्शाती है?

(A) स्वसृक बहुपत्नी विवाह  (B) अस्वसृक बहुपत्नी विवाह
(C) भ्रातृक बहुपति विवाह  (D) अभ्रातृक बहुपति विवाह

**15.** जब एक ही भूभाग में दो जन जातियाँ रहती हैं और एक दूसरे की संस्कृति का आदान प्रदान करती है जिस से उन की आपसी भिन्नता कम होती है, उस प्रक्रिया को क्या कहते हैं।

(A) वयस्क सामाजीकरण  (B) सहयोग
(C) समायोजन  (D) आत्मसात्मीकरण

**16.** जिस विवाह में उच्च जाति की स्त्री निम्न जाति के पुरुष से विवाह करती है, उस को क्या कहते हैं?

(A) बाह्य विवाह  (B) अनुलोम विवाह
(C) सजातीय विवाह  (D) प्रतिलोम विवाह

**17.** राबर्ट रेडफील्ड के अनुसार जिस समुदाय में भिन्नता, लघुता समरूपता एवं आत्मनिर्भता की विशेषताएं पाई जाती हैं, उसे क्या कहतें हैं।

(A) लघु समुदाय  (B) बृहद समुदाय  (C) समाज  (D) सामाजिक समूह

**18.** निम्न में कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) प्रस्थिति सामाजिक संरचना की इकाई है।
(B) भूमिका व्यक्तिगत व्यवहार का एक तत्व है।
(C) प्रस्थिति एवं भूमिका दोनों ही सामाजिक संरचना के तत्व हैं।
(D) प्रस्थिति एवं भूमिका दोनों गतिक और सदैव परिवर्तनशील तत्व हैं।

**19.** आदर्श व्यवहारों को जिन्हें समाज आवश्यक मानता है तथा जिनका वह कठोरता पूर्वक पालन करता है, कहा जाता है।

(A) जनरीतियाँ  (B) जनरुढियाँ
(C) प्रथाएँ  (D) अभिसमय/मान्यताएँ

**20.** मीड द्वारा ऐसे व्यक्तियों को जिनका किसी व्यक्ति के स्वमुल्याँकन तथा सामाजिक आदर्शों की स्वीकृति या अस्वीकृति पर सर्वाधिक प्रभाव होता है, कहा गया है।

(A) सामान्यीकृत दूसरे  (B) संदर्भ दूसरे  (C) महत्वपूर्ण दूसरे  (D) माडल दूसरे

**21.** निम्न में से किसके अनुसार सत्ता का भेदीय प्रसार वर्ग संगठन एवं वर्ग संघर्ष का निर्माण करता है?

(A) कार्ल मार्कस  (B) राल्फ डाहरेनडारफ
(C) लेवी स्ट्रास  (D) लेविस कोज़र

Prepp
Your Personal Exams Guide

22. According to functionalist school of thought human nature is just like :
(A) Petrol (B) Water (C) Wax (D) Steel

23. Which theory is based on the 'psychic unity' of mankind ?
(A) Functionalism (B) Diffusionism
(C) Structuration (D) Interactionism

24. According to Weber, why does the status order operate ?
(A) To encourage social mobility, up or down
(B) To discourage social mobility, up or down
(C) To encourage upward social mobility but discourage downward social mobility
(D) To encourage group mobility, up or down

25. In order to understand the historical changes in public opinion regarding the role and status of women what type of research method should a researcher follow ?
(A) A sample survey
(B) Content analysis of popular media over the years
(C) Focus group analysis
(D) Participant observation

26. Which of the following is not correctly matched ?
(A) Sacred and Profane - Durkheim
(B) Reference group - Merton
(C) Purity and pollution - Dumont
(D) Dominant caste - Ghurye

27. Which theory emphasizes the integration of functions of social stratification based on individual merit not reward ?
(A) Marxist theory (B) Functional theory
(C) Cultural theory (D) Structural theory

28. Who applied the Weberian model of stratification to caste ?
(A) M.N. Srinivas (B) André Beteille
(C) S.C. Dube (D) G.S. Ghurye

29. The distinguishing factor between action and behaviour is :
(A) rationality (B) tradition
(C) emotions (D) meaning

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** प्रक्रियावादी विचार धारा के अनुसार मानव प्रकृति निम्न में से किस प्रकार की है?

(A) पैट्रोल (B) पानी (C) मोम (D) स्टील

**23.** निम्न में से कौन सा सिद्धात मानवता की मनोवैज्ञानिक अभिव्यक्ति पर आधारित है?

(A) प्रक्रियावाद (B) प्रसारवाद (C) संरचनावाद (D) अन्त: क्रियावाद

**24.** वेबर के अनुसार स्थिति व्यवस्था क्यों लागू होती है?

(A) ऊपर एवं नीचे सामाजिक गतिशीलता को प्रोत्साहित करना।

(B) ऊपर-नीचे सामाजिक गतिशीलता को हतोत्साहित करना।

(C) ऊपरी सामाजिक गतिशीलता को प्रोत्साहित करना परन्तु निचली सामाजिक गतिशीलता को हतोत्साहित करना।

(D) ऊपर-नीचे सामूहिक सामाजिक गतिशीलता को प्रोत्साहित करना।

**25.** महिलाओं की प्रस्थिति एवं भूमिका में लोक मत में ऐतिहासिक परिवर्तन को समझाने के लिए शोध कर्ता निम्न में से किस अध्ययन पद्धिती को अपनायें?

(A) नमूना सर्वेक्षण

(B) जाने माने मीडिया द्वारा पिछले कुछ वर्षों के योगदान का विषय विश्लेषण

(C) समूह केन्द्रित विश्लेषण

(D) सहभागी निरीक्षण

Prepp Your Personal Exam Guide

**26.** निम्न में से कौन सा सही-मेल नहीं है?

(A) पवित्र एवं अपवित्र - दुखीर्म

(B) संदर्भ समूह - मर्टन

(C) शुद्धता एवं अशुद्धता - ड्यूमोंट

(D) प्रभुत्व जाति - घुरिये

**27.** कौन सा सिद्धांत इस बात पर ज़ोर देता है कि सामाजिक स्तरीकरण में व्यक्तियों का एकीकरण व्यक्ति के गुणों या पुरस्कार पर न हो कर प्रकार्यों के आधार पर होता है?

(A) मार्क्सवादी सिद्धांत (B) प्रक्रियावादी सिद्धांत

(C) सांस्कृतिक सिद्धांत (D) संरचनात्मक सिद्धांत

**28.** जाति अध्ययन में वेबर के स्तरीकरण के सिद्धांत को किसने अपनाया है?

(A) एम.एन श्रीनिवास (B) आंदरे, बिते

(C) एस.सी. दूबे (D) जी.एस घुरिये

**29.** कार्य एवं व्यवहार में अन्तर करने वाला कारक निम्न में से कौन सा है?

(A) बुद्धिसंगत (B) परम्परा (C) भावनाएँ (D) अर्थ

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** "The fundamental assumption that when change takes place in any one component in a system, it tends to spur further change in other elements, which accomodate the new element and integrate it within the entire structure, the statement refers to :

(A) Revolutionary theory of social change
(B) Conflict theory of social change
(C) Equilibrium theory of social change
(D) Neo-evolutionary theory of social change

**31.** When a research is undertaken to test a social theory, the researcher is involved in :

(A) Inductive research
(B) Deductive research
(C) Exploratory research
(D) Theoretical research

**32.** According to Durkheim, the 'Division of Labour' was the function of :

(A) density of population
(B) religion
(C) family
(D) search for happiness by human beings

**33.** Ecological fallacy is a case of :

(A) infering about micro-level phenomenon from macro-level analysis
(B) infering about macro-level phenomenon from micro-level analysis
(C) unit of observation not being the same as the unit of analysis
(D) unit of observation not being defined properly

**34.** A researcher in an effort to study the dynamic processes involved in criminal gang formation and dissolution became an active member of the gang. His role in this case was :

(A) Observer as participant
(B) Participant observation
(C) Participant only
(D) Observer only

**35.** Which of the following are attributes of archaic societies ?

1. Mechanical solidarity
2. Contractual relationships
3. Pre-dominance of kinship
4. Social differentiation

***Code :***

(A) 1, 2 (B) 1, 3 (C) 2, 3 (D) 3, 4

**36.** Who among the following defined social structure as networks and patterns of role relationships ?

(A) Nadel (B) Levi-Strauss (C) Radcliffe-Brown (D) Merton

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** जब एक व्यवस्था के किसी एक भाग में परिवर्तन होता है तो दूसरे भागों में भी परिवर्तन स्वत: होने लगता है तथा इन परिवर्तनों को सामाजिक संरचना अपने में शामिल करते हुये एक नई व्यवस्था को जन्म देती है। इस प्रकार की मान्यता के आधार पर निम्न सिद्धान्तों में से किस सिद्धान्त द्वारा दर्शाया गया है :

(A) सामाजिक परिवर्तन का क्रान्तिकारी सिद्धान्त।

(B) सामाजिक परिवर्तन का संघर्ष का सिद्धान्त।

(C) सामाजिक परिवर्तन का सन्तुलन सिद्धान्त।

(D) सामाजिक परिवर्तन का नव विकासवादी सिद्धान्त।

**31.** जब किसी सामाजिक सिद्धांत का परीक्षण करना हो तो शोध कर्त्ता निम्न में से किस विधि को अपनाएगा?

(A) समाविष्ठ शोध/आगमनात्मक शोध
(B) असमाविष्ठ शोध/निगमनात्मक शोध
(C) अन्वेषणात्मक शोध
(D) सैद्धांतिक शोध

**32.** दुर्खीम के अनुसार श्रम विभाजन किसका कार्य था?

(A) जन संख्या का घनत्व
(B) धर्म
(C) परिवार
(D) मानव द्वारा प्रसन्नता की तलाश

**33.** पर्यावरण सम्बन्धी गलती का कारण निम्न में से कौन है?

(A) बृहद-व्याख्या के आधार पर सूक्ष्म आधार पर नतीजा निकालना

(B) सूक्ष्म-आधारित व्याख्या के आधार पर बृहद स्तर पर नतीजा निकालना

(C) निरीक्षण की इकाई का विश्लेषण की इकाई जैसा न होना

(D) निरीक्षण की इकाई का सही से परिभाषित न होना

Prepp Your Personal Exam Guide

**34.** एक शोध कर्ता का अपराधिक गैंग बनाने और समाप्त करने के अध्ययन के प्रयास में, गैंग का स्वंय भी सक्रिय सदस्य बन जाना, इस तरह की भूमिका को निम्न में से क्या कहेंगे?

(A) निरीक्षक सहभागी जैसा
(B) सहभागी निरीक्षण
(C) केवल सहभागी
(D) केवल निरीक्षक

**35.** निम्न में से आदर्श समाजों की कौन सी विशेषताएँ हैं?

1. मशीनी सुदृढता
2. संबिदात्मक सम्बन्ध
3. नातेदारी की प्रमुखता
4. सामाजिक भिन्नता

***Code :***

(A) 1, 2 (B) 1, 3 (C) 2, 3 (D) 3, 4

**36.** निम्न में से सामाजिक संरचना को भूमिका सम्बन्धों का जाल तथा आकृति के रूप में किस ने परिभाषित किया है?

(A) नाडेल (B) लैवी-स्ट्रॉस (C) रैडक्लिफ ब्राऊन (D) मर्टन

Prepp
Your Personal Exams Guide

37. Non-logical Actions are :
    (A) Actions which use means appropriate to ends
    (B) Actions which are governed by sentiments
    (C) Actions which are both subjective and objective
    (D) Actions which are residual

38. Theory is :
    (A) logically linked concepts
    (B) generalization of facts
    (C) logically linked facts
    (D) generalization of events

39. What is a patrilineal or matrilineal kinship whose members are assumed to have a common ancestor ?
    (A) Lineage
    (B) Totem
    (C) Clan
    (D) Phratry

40. According to Merton, deviance means behaviour :
    (A) Which brings integration
    (B) which attracts disapproval
    (C) which is symbolic
    (D) which attracts approval

41. The concept of role-set was propounded by :
    (A) E. Goffman
    (B) G.H. Mead
    (C) R.K. Merton
    (D) C.H. Cooley

42. When computing the standard deviation of a frequency distribution, one had a value of $-2.2$, it can be concluded that there is :
    (A) less variability
    (B) negative variability
    (C) homogeneity
    (D) an error in computation

43. A research hypothesis is usually derived from :
    (A) Empirical facts
    (B) Researcher's intuition
    (C) A theoretical model
    (D) From previous research

44. A researcher is interested in understanding the reasons for juvenile delinquency in an urban slum of a metropolitan city in order to design an intervention programme in that community; what type of research design must he think of ?
    (A) Explanatory
    (B) Exploratory
    (C) Descriptive
    (D) Evaluative

45. Sum of deviations of individual values from their mean is always :
    (A) Positive
    (B) Negative
    (C) Either positive or negative
    (D) Zero

37. अतार्किक क्रियाएँ क्या होती हैं?
(A) क्रियाएँ जो साध्यों को हासिल करने के लिए उपयुक्त साधनों का प्रयोग करते हैं।
(B) क्रियाएँ जिनका संचालन भावनाओं द्वारा होता है।
(C) क्रियाएँ जो पक्षपातपूर्ण तथा निष्पक्ष होती है?
(D) क्रियाएँ जो अवशिष्ट होती है।

38. सिद्धाँत क्या है?
(A) तर्कसंगत अवधारणाएँ
(B) तथ्यों का सामान्यीकरण
(C) तर्कसंगत तथ्य
(D) घटनाओं का सामान्यीकरण

39. पितृसत्तात्मक व मैत्रीसत्तात्मक नातेदारी संगठन जिस में सदस्यों का एक सांझा पूर्वज होता है, निम्न में से कौन सा है?
(A) सत्तात्मक
(B) टोटम (कुलप्रंतीक)
(C) गोत्र
(D) फ्रेटरी

40. मर्टन के अनुसार 'बिचलन का अर्थ वह व्यवहार :
(A) जो सात्मीकरण लाता है
(B) जो अस्वीकृत होता है
(C) जो प्रतीकात्मक होता है
(D) जो स्वीकृत होता है

41. भूमिका-सैंट की अवधारण किसने दी?
(A) इ -गॉफमैन
(B) जी.ऐच. मीड
(C) ऑर.के. मर्टन
(D) सी.ऐच. कुले

42. जब बारम्बारता-सूचक सामग्री से मानक-विचलन का मुल्य – 2.2, प्राप्त हो तो इससे क्या अर्थ निकाला जा सकता है?
(A) कम विचलन
(B) नकारात्मक विचलन
(C) समरुपता
(D) संगणना में गल्ती

43. आम तौर शीध उपकल्पना निम्न में से किस से ली जाती है या बनाई जाती है?
(A) अनुभवजन्य तथ्य
(B) शेधकर्ता की कल्पना
(C) सैद्धांतिक प्रारुप
(D) पिछले शोधों से

44. एक शोधकर्ता को किसी महानगर की गंदी बस्ती में बाल अपराध के कारण समझने में दिलचस्पी है, उस बस्ती में अंतराक्षपण कार्यक्रम के उद्देश के लिए उसे किस प्रकार के शोध डिज़ाइन पर विचार करना चाहिए?
(A) व्याख्यात्मक
(B) अन्वेषणात्मक
(C) वर्णनात्मक
(D) मूल्यांकनात्मक

45. व्यक्तिगत मान्यों के कुल योग के विचलन का औसत सदैव, निम्न में से क्या होगा?
(A) सकारात्मक
(B) नकारात्मक
(C) सकारात्मक या नकारात्मक
(D) ज़ीरो (शून्य)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** Number of motor vehicles per 1000 population in a district of India is an example of :

(A) Nominal variable (B) Ordinal variable

(C) Interval variable (D) Ratio variable

**47.** What is ethnocentrism ?

(A) Tendency to judge other cultures in terms of one's own culture

(B) Tendency to treat other cultures with respect

(C) Tendency to treat others as equals

(D) Tendency to adjust to other cultures

**48.** Match List - I with List - II :

| **List - I (Books)** | | **List - II (Authors)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Class and class conflict in Industrial Society | (i) | Karl Marx |
| (b) | The Lonely Crowd | (ii) | Dahrendorf |
| (c) | Das Capital | (iii) | E. Goffman |
| (d) | The Affluent worker | (iv) | Goldthorpe |
| | | (v) | D. Riesman |

| *Codes :* | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (v) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |

**49.** Match List - I with List - II :

| **List - I** | | **List - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Looking glass self | (i) | M. Mead |
| (b) | Dramatergical circumspection | (ii) | E. Goffman |
| (c) | Collective consciousness | (iii) | S. Freud |
| (d) | Id, Ego and super ego | (iv) | C.H. Colley |
| | | (v) | E. Durkheim |

| *Code :* | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (v) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |
| (C) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |

**50.** Who among the following combines conflict theory of society with a structural functionalist analysis by stressing the functions of conflict within society ?

(A) Karl Marx (B) Durkhein

(C) Lewis Coser (D) Ralph Dahrendorf

- o O o -

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** भारत के किसी जिलेमें प्रति 1000 जनसंख्या पर मोटर वाहनों की संख्या किसका उदाहरण है?

(A) नामिक चल (B) क्रमसूचक चल (C) मध्यॉंकन चल (D) अनुपातिक चल

**47.** जातीयता (एथनोसैंट्रीसिम) क्या है?

(A) अपनी संस्कृति के अनुसार दूसरी संस्कृतियों को आंकने की प्रवृति।

(B) दूसरी संस्कृतियों की आदर से देखने की प्रवृति

(C) दूसरी संस्कृतियों को अपनी संस्कृति के बराबर समझाने की प्रवृति।

(D) दूसरी संस्कृतियों के अनुसार अपनी संस्कृति को ढालने की प्रवृति।

**48.** सूची - I को सूची - II से मिलाये :

| | **सूची - I ( पूस्तकें )** | | **सूची - II ( लेखक )** |
|---|---|---|---|
| (a) | क्लास एण्ड क्लास कानफलिक्ट इन इन्डस्ट्रीयल सोसाइटी | (i) | कार्ल मार्क्स |
| (b) | द लोनली क्राउड | (ii) | डाहरेन डारफ |
| (c) | दास कैपीटल | (iii) | ई. गॉफमैन |
| (d) | द एफलियुएण्ट वर्कर | (iv) | गोल्डथार्प |
| | | (v) | डी. रीसमैन |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (v) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |

**49.** सूची - I को सूची - II से मिलाये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | लुकिंग ग्लास सेल्फ | (i) | एम. मीड |
| (b) | ड्रामीट्रालीकल सरकमस्पैक्शन | (ii) | इ. गाफमैन |
| (c) | कलेक्टिव कांसियसनेस | (iii) | एस. फ्राइड |
| (d) | इड. इगो. एण्ड सूपरइगो | (iv) | सी.एच. कूले |
| | | (v) | इ. दुर्खीम |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (v) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |
| (C) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |

**50.** निम्न में से किसने समाज में संघर्ष के प्रकार्यों को महत्व देते हुए संघर्ष सिद्धाँत एवं संरचनात्मक प्रक्रार्यवादी सिद्धाँतो को जोड़ा है?

(A) कार्ल मार्क्स (B) दुर्खीम (C) लेविस कोज़र (D) राल्फ डाहरेनडारफ

- o O o -